# सीधे वीडिओ प्रसारणों को खोलना

आत्मीय पाठकगण,

त्यौहारों का मौसम मुबारक हो!

मैं जानकारी देने के लिए पत्र लिख रहा हूँ, जिससे आपको सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर सीधे वीडिओ प्रसारणों में भाग लेने में सहायता मिले।

- किसी भी सीधे वीडिओ प्रसारण के शुरू होने के कई घण्टे पहले आप सिद्धयोग पथ की वेबसाइट के होमपेज पर उस कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
    - इस जानकारी के साथ-साथ, आपको एक घड़ी दिखेगी जो घण्टों और मिनटों में यह दिखाएगी कि उस कार्यक्रम के शुरू होने में कितना समय शेष है।
- सीधा वीडिओ प्रसारण, कार्यक्रम शुरू होने के समय से १५ मिनट **पहले** आरम्भ होगा।
    - सीधा वीडिओ प्रसारण जल्दी इसलिए शुरू होता है ताकि आप सिद्धयोग वैश्विक हॉल में सहजता से पहुँच सकें। इस समय के दौरान आप ऑडिओ सेटिंग्स् और वीडिओ सेटिंग्स् को ठीक कर सकते हैं [उदाहरण के लिए, विन्डो को फुल स्क्रीन करना] और कार्यक्रम के लिए तैयार हो सकते हैं।
- कार्यक्रम के होमपेज पर एक बड़ा-सा बटन दिखेगा जिसपर लिखा होगा “Streaming Now”। [इस बटन को देखने के लिए कार्यक्रम के शुरू होने के समय से १५ मिनट पूर्व अपने ब्राउज़र को रीफ़्रेश ज़रूर करें।]
    - इस बटन पर क्लिक करें और यह आपको उस पृष्ठ पर ले जाएगा जहाँ पर आप सीधा प्रसारण देख सकेंगे।
    - प्रसारण आरम्भ करने के लिए वीडिओ प्लेअर पर क्लिक करें।
- यदि आप फ़्रेन्च, हिन्दी या स्पॅनिश भाषान्तर के साथ सीधे प्रसारण में भाग लेना चाहते हैं तो वीडिओ प्लेअर के ऊपर उस भाषा के लिंक पर क्लिक करें।

यदि आपके कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हों तो कृपया webmaster@syda.org पर सम्पर्क करें।

आदर सहित,

सन्दीप कनोसल
वेबसाइट विभाग प्रमुख
एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन

© २०२० एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।